SUNDAY | 24.05.2026 | प्रथम ज्येष्ठ शुक्ल-नवमी विक्रम संवत-2083

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

वर्ष 68 | अंक 126 बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 06 MIDDLE

श्री राम मूर्ति स्मारक में पैरा-एक्सपो-2के26 तकनीकी कौशल प्रदर्शनी का आयोजन

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज में तकनीकी कौशल प्रदर्शनी पैरा-एक्सपो-2के26 आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के तकनीकी कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, निदेशक प्रशासक आदित्य मूर्ति, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमएस भटोला, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरपी सिंह, तकनीकी सलाहकार इंजी. सुभाष मेहरा और एलाइड एंड हेल्थकेयर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जसप्रीत कौर ने किया। प्रदर्शनी में बीएमएलएस, बीएमआरआईटी, बीओटीटी, बीओपीटीओएम और केपीटी पाठ्यक्रमों के 14 समूहों ने भाग लिया। छात्रों ने अपने व्यावहारिक कार्यों से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए। संस्थान के अध्यक्ष देव मूर्ति ने छात्रों को कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रदर्शनी में बीओपीटीओएम बैच 2024 के लो विजन डिवाइस मॉडल को प्रथम पुरस्कार मिला। बीएमआरआईआईटी बैच 2024 के मेडी कार्ट और रेडिएशन आर्मर मॉडल ने दूसरा पुरस्कार जीता। जबकि बीएमआरआईआईटी बैच 2023 के पिग्स ओ स्टेट मॉडल को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यक्ष देव मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया।